बीएसईएस उपभोक्ताओं के लिए नई भुगतान सेवाएं लॉन्च

नई दिल्लीः 26 सितंबर, 2011। बीएसईएस के 28 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के लिए नई भुगतान सेवाएं लॉन्च की गई है। बीआरपीएल उपभोक्ता अब ईजी बिल आउटलेट्स पर, अपने बिजली बिलों का भुगतान नकद में भी कर सकेंगे। वहीं, बीवाईपीएल डिविजनों के कैश काउंटर्स अब 12 घंटे, यानी सुबह 8 बजे से रात के 8 बजे तक घंटे खुल रहेंगे।

बीआरपीएल :

दक्षिण और पश्चिम दिल्ली में, बीआरपीएल के 16.5 लाख उपभोक्ता अब ईजी बिल आउटलेट्स पर, अपने बिजली बिलों का भुगतान नकद में भी कर पाएंगे। शुरूआत में 492 ईजी बिल आउटलेट्स पर यह सुविधा शुरू की गई है। नकद में बिल भुगतान के लिए बीआरपीएल उपभोक्ताओं को अपने साथ बस अपना बिजली बिल रखना होगा। यदि उन्हें अपना सीए नंबर (बिल में छपा हुआ) याद है, तो भुगतान के लिए बिजली बिल ले जाने की भी जरूरत नहीं है। खास बात यह होगी कि भुगतान होते ही उन्हें तत्काल इसकी रसीद भी उपलब्ध करा दी जाएगी। डीईआरसी निर्देशों के मुताबिक, बिजली बिल के नकद भुगतान राशि की सीमा है 4000 रूपये। इससे अधिक की राशि का भुगतान नकद में नहीं किया जा सकता। ईजी बिल आउटलेट्स की पूरी लिस्ट www.bsesdelhi.com पर देखी जा सकती है।

बीएसईएस की हमेशा यह कोशिश रहती है कि उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक सुविधाएं व सहूलियतें उपलब्ध कराई जाएं। सुविधाओं को अपग्रेड करने की दिशा में कंपनी का यह एक नया कदम है। बीआरपीएल उपभोक्ता 5 हजार से अधिक लोकेशनों पर अपने बिजली बिलों का भुगतान कर सकते हैं। कैश काउंटर, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, ऑटो डेबिट, एसएमएस, फोन, इंटरनेट, इट्ज कैश कार्ड्स, बिल भुगतान कियॉस्क, स्काईपैक व निकट ड्रॉप बॉक्स, ईजी बिल, सुविधा व ऑक्सीजन आउटलेट्स तथा जीवन सेंटर आदि तमाम माध्यमों से बिजली बिलों का भुगतान किया जा सकता है।

बीवाईपीएलः

मध्य व पूर्वी दिल्ली में, बीवाईपीएल के करीब 12 लाख उपभोक्ताओं के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। कंपनी के सभी 14 डिविजन ऑफिसों में स्थित कैश काउंटर्स अब रोजाना 12 घंटे खुलेंगे। ये काउंटर्स सुबह 8 बजे से रात के 8 बजे तक खुले रहेंगे।

डिविजन ऑफिसों के अलावा, दूसरे कैश काउंटर्स पर पहले की ही व्यवस्था लागू रहेगी।

यह उन उपभोक्ताओं के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा, जो बीवाईपीएल डिविजन ऑफिसों में आकर भुगतान करना चाहते हैं। ये काउंटर सप्ताह के छह दिन खुलते हैं। ये प्रतिदिन 12 घंटे खुले रहते हैं।

जो कैश काउंटर्स सुबह 8 से रात 8 बजे तक खुलेंगे, वे हैं :

दरियागंज डिविजन ऑफिस कैश काउंटर, कृष्णानगर, चांदनी चौक, यमुना विहार, नंदनगरी, लक्ष्मी नगर, पटेल नगर, मयूर विहार 1 व 2, मयूर विहार 3, झिलमिल, शंकर रोड, पहाड़गंज, जीटी रोड और करावल नगर डिविजन ऑफिस कैश काउंटर।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल व बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: प्रशान्त दुआ
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999870 / 9312007822

चंद्र पी कामत
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999415 / 9350130304